प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

## उपराष्ट्रपति दौरा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के दौरान आज सोलन जिला के नौणी स्थित बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय में शोधार्थियों और प्राध्यापकों के साथ 'विकसित भारतः युवा, कृषि वैज्ञानिक दृष्टिकोण व संकल्प' विषय पर संवाद कर रहे हैं। उप–राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उप–राष्ट्रपति का आज ही वापिस लौटने का कार्यक्रम है।

## स्वच्छ ऊर्जा

देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक तक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। देश ने वित्त वर्ष 2024–25 में अक्षय ऊर्जा क्षमता में रिकॉर्ड 29 दशमलव 52 गीगावॉट की बढ़ोतरी की है। इसमें पवन और सौर ऊर्जा में तेज वृद्धि के साथ–साथ परमाणु ऊर्जा में भी अच्छा इजाफा हुआ है। कॉप 26 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचामृत लक्ष्य घोषित किए, जिनका उद्देश्य 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करना है।

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा। जम्मू–कश्मीर में विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज– चिनाब ब्रिज और देश का पहला केबल पुल आधारित अंजी ब्रिज के लोकार्पण अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले के द्वारा इंसानियत और कश्मीरियत दोनों पर वार किया।

*पाकिस्तान ने पहलगाम में इन्सानियत और कश्मीरियत, दोनों पर वार किया। उसका इरादा भारत में दंगे कराने का था। उसका इरादा कश्मीर के मेहनतकश लोगों की कमाई को रोकना था। इसलिए पाकिस्तान ने टूरिस्ट्स पर हमला किया। वो टूरिज्म, जो बीते 4–5 साल में लगातार बढ़ रहा था, हर साल यहां रिकॉर्ड संख्या में टूरिस्ट आ रहे थे। उसको पाकिस्तान ने निशाना बनाया।*

प्रधानमंत्री ने युवाओं से भारत की विनिर्माण क्रांति में शामिल होने की अपील की। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्ष में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी के स्तर से ऊपर उठकर नव–मध्यम वर्ग में शामिल हुए हैं।

*केंद्र में भाजपा–एनडीए की सरकार को अब 11 साल हो रहे हैं। ये 11 साल, गरीब कल्याण के नाम समर्पित रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से 4 करोड़ गरीबों का पक्के घर का सपना पूरा हुआ है। उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ रसोइयों, उसमें धुएं का अंत हुआ है। आयुष्मान भारत योजना से 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिला है।*

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज से ऊना ज़िले के दो दिवसीय दौरे पर है। इस दौरान वे जिले में लगभग 2 सौ 21 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों के उदघाटन व शिलान्यास करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री आज गगरेट में राजकीय डिग्री कॉलेज दौलतपुर चौक के भवन का शिलान्यास के अलावा अमलेहड़–भंजाल, शिववाड़ी पेयजल योजना सहित अन्य विकास कार्यों का लोकापर्ण करेंगे। बाद में वे दौलतपुर चौक के रामलीला मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा है कि मेले व उत्सव पारम्परिक लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्वन में मुख्य भूमिका निभाते हुए सामाजिक एकता व सदभाव को सशक्त बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भटियात विधानसभा क्षेत्र के समोट में छिंज मेले में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए उन्होंने ये बात कही। इस मौके पर उन्होंने जन समस्यायें भी सुनी और अधिकांश का मौके पर ही निपटारा किया।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल से मुलाकात की। वेडफुल ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मजबूत समर्थन और एकजुटता की पुष्टि की।

ईद उल अजहा

बकरीद यानी कुर्बानी का त्यौहार ईद उल अजहा आज मनाया जा रहा है। ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज़ अता की जा रही है।

शिमला की ईदगाहों में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद–उल–अजहा की नमाज अता की और एक दूसरे को गले लगा कर बधाई दी। ईद उल अजहा हज़रत इब्राहिम द्वारा अल्लाह के आदेश का पालन करते हुए अपने इकलौते बेटे की कुर्बानी देने की याद में मनाया जाता है।

.........